# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 29.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. ईडी ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में रांची में की छापेमारी, आईएएस विनय चौबे और संबंधित अधिकारियों के ठिकानों पर मारा छापा।

2. 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए नामांकन पत्र भरने का आज अंतिम दिन, एनडीए और इंडी गठबंधन के कई प्रत्याशी भर रहे चुनावी पर्चा ।

3. 13 नवंबर को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन पत्रों की जांच पूरी, आज चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की जारी होगी सूची।

4. मतदाता जागरूकता को लेकर पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा अभियान।

5. धन्वंतरि जयंती पर आयुर्वेद दिवस आज, प्रधानमंत्री ने कहा– स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने के लिए आयुर्वेद हमेशा उपयोगी।

***************

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने रांची में छापेमारी की है। ईडी ने आईएएस विनय चौबे और संबंधित अधिकारियों के ठिकानों पर छापा मारा है। उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव गजेन्द्र सिंह के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई ।

***************

झारखंड में 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। दूसरे चरण में अड़तीस विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। पर्चों की जांच कल की जाएगी और उम्मीदवार 1 नवंबर तक नाम वापस ले सकेंगे। इधर दूसरे चरण के लिए आज एनडीए और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी चुनावी पर्चा दाखिल कर रहे हैं। आज भाजपा के कई उम्मीदवार भी नामांकन करेंगे जिसमें बरहेट से गमालियल हेम्ब्रम , लिट्टीपाड़ा से बाबूधन मुर्मू , महेशपुर से नवनीत हेम्ब्रम और टुंडी से विकास महतो शामिल हैं। जबकि इंडी गठबंधन से पाकुड़ से कांग्रेस प्रत्याशी निशांत आलम चुनावी पर्चा दाखिल करेंगी। इस दौरान कांग्रेस के पर्यवेक्षक बीके हरिप्रसाद सहित प्रदेश के कई नेता उपस्थित रहेंगे।

***************

झारखंड में तेरह नवंबर को 43 निर्वाचन क्षेत्रों में पहले चरण के मतदान के लिये नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो गयी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रांची में पत्रकारों को बताया कि आज वैध उम्मीदवारों की सूची जारी की जायेगी। इस चरण के मतदान के लिये कुल आठ सौ पांच उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं।

***************

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाजपा के पास किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पैसे नहीं होने के बयान की तीखी आलोचना की है । इसके साथ उन्होंने संथाल में बढ़ रही बांग्लादेशी घुसपैठियों पर भी हेमंत और ममता सरकार पर हमला बोला।

***************

विधानसभा चुनाव के तहत सिमडेगा जिले के कोलेबिरा निर्वाचन क्षेत्र से 19 और सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र से 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है।

***************

विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर राज्य में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जामताड़ा जिला प्रशासन द्वारा आज वोट फॉर रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के अधिकारियों और विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इधर हजारीबाग में शत प्रतिशत मतदान को सुनिश्चित करने को लेकर जिला प्रशासन, स्वीप सेल द्वारा आज से दो दिवसीय आर्ट 81 आधारित फेस्टिवल का आयोजन गांधी मैदान में किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से हजारीबाग के कला प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय ने कहा कि जिला प्रशासन चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी करेगा।.

***************

भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र ने दूसरों के बैंक खातों का इस्तेमाल कर अवैध भुगतान प्रणालियां बनाए जाने के प्रति सचेत किया है। अंतरराष्ट्रीय संगठित साइबर अपराधी, धनशोधन के लिए ऐसे बैंक खातों का इस्तेमाल करते हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार, हाल में पुलिस के छापों में पता चला है कि अपराधी गैर–कानूनी डिजिटल भुगतान प्रणाली के माध्यम से साइबर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय नेता कार्तिक उरांव को उनकी जन्म–शती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कार्तिक उरांव को एक महान नेता बताया जिन्होंने जनजातीय समुदाय के अधिकारों के लिये अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने आदिवासी संस्कृति और पहचान संरक्षित रखने के लिये संघर्ष किया। वंचितों के कल्याण के लिये उनका योगदान हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज धनतेरस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कामना की कि भगवान धन्वंतरि के आशीर्वाद से सभी का जीवन हमेशा अच्छे स्वास्थ्य, खुशहाली और समृद्धि से भरा रहे।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आयुर्वेद दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने के लिए आयुर्वेद हमेशा उपयोगी रहेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान धन्वंतरि की जयंती आयुर्वेद की उपयोगिता और योगदान से जुड़ी है, जिसे अब दुनिया ने स्वीकार कर लिया है।

***************

हॉकी में, महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा कर दी गई है। यह टूर्नामेंट 11 से 20 नवंबर तक बिहार में राजगीर में खेला जाएगा। भारत की कप्तानी मिडफील्डर झारखंड की सलीमा टेटे करेंगी और फॉरवर्ड खिलाड़ी नवनीत कौर उप–कप्तान होंगी। टूर्नामेंट में, भारत का पहला मुकाबला मलेशिया के साथ होगा। चीन, जापान, कोरिया और थाईलैंड प्रतियोगिता की अन्य टीमें हैं। पिछली बार यह टूर्नामेंट भारत ने जीता था

***************

- पलामू जिले में पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान बड़ी सफलता मिली है। पलामू पुलिस ने एक–47 के साथ टीएसपीसी के तीन कमांडरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली पलामू लातेहार और चतरा में कई बड़े नक्सली वारदातों के आरोपी हैं.
- दुमका जिले में बालू के अवैध कारोबार को रोकने के लिए प्रशासन ने सख्ती तेज कर दी है और ऐसे घाटों को चिन्हित किया है, जहां से अवैध रूप से बालू का उत्खनन किया जाता है।
- जमशेदपुर में पुलिस ने विकास हत्या कांड में नामजद आरोपी समेत उसके दो साथी को गिरफ्तार किया है।